राज्यपाल सचिवालय

राजभवन, जयपुर

राज्यपाल ने किया अपने चिकित्सक दल को आम जन के ईलाज के लिए राज भवन से रिलिव

चिकित्सक दल एस एम एस हॉस्पिटल के लिए रवाना

जयपुर, 25 मार्च। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र कोरोना वैष्विक महामारी के बचाव के प्रयासों की नियमित समीक्षा कर रहे हैं। वे लगातार मुख्यमंत्री से दूरभाष पर वार्ता कर प्रदेश के हालातों की जानकारी ले रहे हैं।

राज्यपाल ने अपने चिकित्सक दल को आज आम जन की सेवा के लिए राज भवन से कार्य मुक्त कर दिया है। राज्यपाल श्री मिश्र प्रदेश के लिए बेहद चिन्तित हैं। राज्यपाल ने कहा है कि इस वक्त प्रदेश की जनता को हर हाल में सुरक्षित रखना है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने आज नवरात्रा पर्व पर प्रदेश के लिए त्याग की आहूति दी है। उन्होंने राज भवन में राउन्ड दी क्लाक डयूटी पर तैनात मेडीकल टीम को जन सेवा हेतु आज प्रात एस एम एस अस्पताल के लिए रवाना कर दिया।

--0--

डाॅ.. लोकेश चन्द्र शर्मा

सहायक निदेशक राज्यपाल